THE RAJASTHAN URBAN CO-OPERATIVE BANKS FEDERATION LTD. JAIPUR

केवल आंतरिक वितरण हेतु

# सृजन

जनवरी, 2025

## फैडरेशन द्वारा वार्षिक खाताबंदी से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये

फैडरेशन द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 की वार्षिक खाताबंदी से संबंधित विस्तृत दिशानिर्देश/परिपत्र सभी बैंकों को प्रेषित किये जा चुके है। इस परिपत्र में विशेष रूप से उल्लेख किया गया है कि एनपीए एवं डूबत ऋण रिजर्व में उपलब्ध राशि को भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार पृथक–पृथक आंकलित कर जनरल रिजर्व / एनपीए हेतु रिजर्व में हस्तांतरित की जावे।

## अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन द्वारा शुरू की गई "सहकार कम्पलायंस मोनिटरिंग सर्विस"

नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फायनेंस एण्ड डवलपमेंट कोरपोरेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) द्वारा **"सहकार कम्पलायंस मोनिटरिंग सर्विस"** प्रारंभ कर दी गई है। इस बाबत अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन द्वारा सूचित किया है कि ये सर्विसेज जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चाही जा रही विभिन्न प्रकार की अनुपालनाओं एवं साईबर सिक्यूरिटी से संबंधित है।

इसके लिये रूपये 30000/– टैक्स अतिरिक्त, प्रति माह/प्रति बैंक दर निर्धारित की गई है। दिसम्बर, 2025 तक फ्री सर्विसेज दिये जाने की बात भी कही गई है।

इस बाबत फैडरेशन द्वारा उन्हें विस्तृत नियम एवं शर्तें भेजने का पत्र दिनांक 25.01.2025 द्वारा निवेदन किया गया है एवं श्री प्रभात चतुर्वेदी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से वार्ता भी की गई है।

श्री चतुर्वेदी ने इस बात की सहमति भी दी है कि बोर्ड मीटिंग में वे वर्चुअली भी सभी को इस बाबत पूर्ण विवरण प्रस्तुत करेंगे।

## अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों में भी मनाया जावेगा अन्तरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

पूरे विश्व में 2025 का वर्ष अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है।

भारत में इसका उद्‌घाटन 24 जनवरी, 2025 को भारत सरकार के माननीय सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा मुम्बई में किया गया है एवं 31 दिसम्बर, 2025 तक इस बाबत निरंतर कार्यक्रम, गोष्ठियां, वार्ताएं आदि जारी रहेंगी।

राज्य अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों में भी अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष मनाया जावेगा जिसके लिये फैडरेशन स्तर पर योजना बनाई जा रही है।

## भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा वार्षिक अंतिम लेखों के नवीन प्रोफार्मा का प्रारूप जारी किया

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 7 जनवरी, 2025 को प्रेस रिलीज द्वारा सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष की समाप्ति पर अंतिम लेखों के रूप में तैयार किये जा रहे बैलेंस शीट एवं लाभ–हानि खाते के नवीन फार्म्स एवं उनके साथ तैयार किये जाने वाले शिड्यूल्स की विस्तृत दिशानिर्देश जारी किये गये हैं।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 21 फरवरी, 2025 तक इन पर कमेंट्स एवं फीडबैक भी चाहा है।


**फैडरेशन द्वारा नवीन प्रोफार्मा पत्र क्रमांक 257 दिनांक 8.1.2025 द्वारा सभी सदस्य बैंकों को प्रेषित करते हुए निवेदन किया गया कि इनका गहनता से अध्ययन करें एवं यदि कोई सुझाव हों तो भारतीय रिजर्व बैंक को निश्चित समयावधि के भीतर प्रेषित करते हुए फैडरेशन को भी सूचित करावें जिससे फैडरेशन स्तर पर तैयार किये जा रहे सुझावों में उनको शामिल किया जा सके।**

फैडरेशन स्तर पर कमेंट्स तैयार किये जा रहे हैं। बैंकों से अपेक्षा है कि वे अपने सुझाव भारतीय रिजर्व बैंक को भेजते हुए फैडरेशन को उनसे अवगत करावें ताकि समय से पूर्व भारतीय रिजर्व बैक को प्रस्तुत किये जा सकें।

## फैडरेशन द्वारा अरबन बैंकों की आवश्यकता पूर्ति के लिये पुनर्वित्त सुविधा के प्रयास

कतिपय अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों द्वारा वित्तीय वर्ष 2024–25 मे ऋण अग्रिम के क्षेत्र में अच्छी वृद्धि दर दर्शाई है उनमें से कुछ बैंकें ऐसी हैं जिनी ऋण अग्रिम की तुलना में अमानतों के क्षेत्र में समकक्ष वृद्धि नहीं होने पर पुनर्वित्त की आवश्यकता महसूस हुई है। फैडरेशन द्वारा इस संबंध में वित्तीय संस्थाओं से वार्ता कर पुनर्वित्त सुविधा के प्रयास किये जा रहे है।

इसके साथ ही अन्य विकल्प के रूप में कंसोरसियम की स्थापना पर भी विचार किया जा सकता है जिसमें राज्य की एक एक बड़ी समृद्ध अरबन बैंक को लीडर बैंक बनाया जा सकता है एवं जिन बैंको के पास अतिरिक्त संसाधन हों, वे इसमें राशि विनियोजित कर सकते हैं तथा कंसोरटियम लीडर बैंक के पास उपलब्ध संसाधनों में से उस बैंक को फण्ड्स उपलब्ध कराये जा सकते हैं, जिन्हें फण्ड्स की आवश्यकता हो।



# अध्यक्षीय संदेश

हम वित्तीय वर्ष 2024-25 की समाप्ति की ओर हैं। फैडरेशन द्वारा दो महत्वपूर्ण पैरामीटर्स पर 10 वर्षो की प्रगति के स्टेटमेंट आपको प्रेषित किये गये थे। वर्ष के प्रथम 6 माह की प्रगति कतिपय बैंकों को छोड़ कर उत्साहवर्द्धक नहीं रही है। अतएव यह समय हमारे आत्मविवेचन का समय है। बैंक प्रबंधन के साथ-साथ बैंक के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को मिल कर शेष रहे समय में स्वयं को झोंकना होगा जिससे अंतिम कार्य दिवस अर्थात 31 मार्च, 2025 की तिथि को तैयार होने वाले बैंक के अतिम लेखे, बैंक की स्थिति को इस प्रकार दर्शायें कि हम संतोष कर सकें।

कलेण्डर वर्ष 2025 अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। इस पूरे वर्ष में हमारे द्वारा नीतिगत सुधार करते हुए पारदर्शितापूर्ण तरीके से सहकारी क्षेत्र विशेषतः हमारे अपने संस्थान की परिचालन दक्षता को बढ़ाने का प्रयास किया जावे। पूरे वर्ष भर विभिन्न उद्देश्यों के साथ-साथ आपकी बैंक शाखाओं में विभिन्न कैम्प, सेमीनर, संगोष्ठियां भी आयोजित की जानी हैं जिससे हमारे बैंकों की स्पष्ट छवि आपके कार्यक्षेत्र में सुपरिभाषित हो सके।

मेरा निवेदन रहेगा कि हमारे समस्त प्रयासों में हम ऐसी कोई रणनीति नहीं अपनायें जिससे वित्तीय विवरणों और पोर्टफोलियों वास्तविकता से बेहतर और अधिक आकर्षित प्रदशित हो क्योंकि यह कार्यवाही आगे आने वाले वर्षो में सदैव दुखदायी होती है।

कतिपय बैंकों द्वारा फैडरेशन को देय वार्षिक चंदे की राशि नहीं भिजवाई है। यह फैडरेशन आपकी अपनी संस्था है जिसके समस्त व्यय आपके द्वारा दिये जाने वाले वार्षिक चंदे की राशि पर ही निर्भर होते हैं। वार्षिक चंदे की राशि आयकर के अंतर्गत छूट योग्य

फैडरेशन की मासिक समाचार–पत्रिका ''सृजन'' के माह अप्रैल, 2024 के अंक से फैडरेशन के संचालकों का प्रोफाईल विवरण एक–एक करके ''हमारे संचालक'' शीर्षक से प्रकाशित किया जा रहा है। इस माह जनवरी, 2025 की कड़ी में फैडरेशन के संचालक श्री हरगोविन्द जैन, अध्यक्ष, बारां नागरिक सहकारी बैंक लि., बारां का प्रोफाईल विवरण प्रस्तुत है।

# ''हमारे संचालक''



**श्री हरगोविन्द जैन**

**संचालक**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | नाम | श्री हरगोविन्द जैन |
| 2 | पिता का नाम | श्री जगन्नाथ प्रसाद जैन |
| 3 | निवास | शाहबाद दरवाजा बाग बस्ती के पास, बारां |
| 4 | वाट्सएप मोबाईल नंबर<br>अन्य मोबाईल नंबर | 9414191146 |
| 5 | फोन नंबर कार्यालय एवं निवास | 9414191146 |
| 6 | ईमेल – कार्यालय एवं व्यक्तिगत | ho@bnsb.co.in<br>jain.hargovind@gmail.com |
| 7 | शैक्षणिक व तकनीकी योग्यता | बी.कॉम., एलएलबी–प्रथम वर्ष |
| 8 | व्यवसाय | कैटलफीड |
| 9 | जन्मतिथि | 18.12.1960 |
| 10 | अरबन बैंक से जुड़ाव कब से है | वर्ष 1985 से |
| 11 | सामाजिक गतिविधियां | उपाध्यक्ष, पोरवाल समाज, बारां |
| 12 | राजनीतिक गतिविधिया | जिला महामंत्री–भाजपा एवं पूर्व नगर अध्यक्ष–भाजपा बारां |
| 13 | अन्य विशेष उपलब्धियां | अध्यक्ष–पुलिस जवाबदेह समिति, बारां |

# बैंक का उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना नहीं, वरन सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्वहन करना भी है : मोहन पाराशर




## जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की विशेष आम सभा संपन्न

नवज्योति/जालोर।

जालोर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड की विशेष आम सभा की बैठक आयोजित हुई। आम सभा का शुभारंभ बैंक अध्यक्ष एवं बैंक संचालक मंडल सदस्यों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानंद भटट द्वारा उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए बैंक की योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर ने उपनियम संख्या 3 में संशोधन प्रस्तावित करते हुए बैंक का कार्यक्षेत्र संपूर्ण राजस्थान श्रीगंगानगर व हनुमानगढ को छोड़कर विस्तारित करने का विशेष प्रस्ताव सदन के सम्मुख प्रस्तुत किया। जिस पर गहन विचार-विमर्श के बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने हाथ खड़े कर ध्वनिमत से विशेष प्रस्ताव को पारित किया।

### शाखाओं का जल्द होगा विस्तार

बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी परमानंद भटट से बताया कि बैंक की 16 शाखाएं वर्तमान में कार्यरत हैं तथा बड़गांव, जसवन्तपुरा, बालोतरा एवं सुमेरपुर केन्द्रों पर शाखाएं जून 2025 से पूर्व प्रारंभ कर ली जाएगी। बैंक अध्यक्ष पाराशर ने बताया कि बैंक का कार्यक्षेत्र विस्तारित होने पर बैंक की शाखाएं किशनगढ़, जोधपुर, जयपुर एवं उदयपुर जैसे महत्वपूर्ण केंद्रों में खोले जाने का विचार किया जाएगा।

### सदस्यों को दी बैंक की वित्तीय जानकारी

उन्होंने बैंक की वर्तमान वित्तीय स्थिति के संबंध में बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दिसम्बर 2024 तक बैंक का कुल व्यवसाय 682 करोड के पार हो गया हैं। बैंक की कुल हिस्सा पूंजी 15.33 करोड़, अमानतें 402.11 करोड़, ऋण एवं अग्रिम 280.07 करोड तथा कर पूर्व लाभ 6.19 करोड़ रुपए रहा हैं। बैंक के कुल रिजर्व फंड 46.93 करोड़, नेटवर्थ 60.99 करोड़ तथा सकल एनपीए 2.15 प्रतिशत हैं। साथ ही बैंक का कुल विनियोग 174.61 करोड़ हैं। चालू वर्ष के दौरान बैंक का सकल लाभ 11 करोड़ तथा शुद्ध लाभ 7.50 करोड़ होने की संभावना हैं।

### एटीएम सुविधा देने वाला प्रथम सहकारी बैंक

अध्यक्ष मोहन पाराशर ने कहा कि जालोर नागरिक सहकारी बैंक राजस्थान की अरबन बैंकों में एटीएम सुविधा प्रदान करने वाला प्रथम सहकारी बैंक हैं। वहीं वर्तमान मेंजालोर नागरिक सहकारी बैंक मोबाईल बैंकिंग, यूपीआई आदि समस्त बैंकिंग सुविधाए ग्राहकों को उपलब्ध करवा रहा हैं। बैंक का उद्देश्य सिर्फ लाभ कमाना नहीं हैं, वरन बैंक अपनी सामाजिक प्रतिबद्धता का निर्वहन करते हुए वरिष्ठ नागरिकों को मियादी जमाओं पर सर्वाधिक 8.75 प्रतिशत ब्याज भी अदा करती हैं। उन्होंने बताया कि एमएसएमई सेक्टर के ऋण धारकों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा हैं। साथ ही केन्द्र सरकार की सुक्ष्म एवं लघु उद्यमों के लिए ऋण गारंटी निधि योजना सदस्यों के लिए लागू की गई हैं।

### इन सुविधाओं के लिए भी हो रहे प्रयास

बैंक अध्यक्ष मोहन पाराशर, जो कि राजस्थान अरबन कॉ-ऑपरेटिव बैंक फैडरेशन के अध्यक्ष भी हैं, ने बताया कि सहकारी बैंकों के सहकारी बोर्ड को भर्ती के दायरे से मुक्त करने, धारा 99-100 के तहत बैंक को वसूली अधिकार देने तथा अरबन बैंकों को आयकर एवं जीएसटी के दायरे से मुक्त करने हेतु उनके द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहें हैं।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान बैंक के संचालक दिनेश परमार, गणेशराम मीणा, कनिष चौधरी, मोहनलाल परमार जालोर, नम्रता जेथलिया, उषा कुमावत, सहवृत संचालक हेमताराम प्रजापत, हरीश माहेश्वरी, मोहम्मद इंसाफ बैग, बैंक के निवर्तमान अध्यक्ष नितिन सोलंकी, पन्नालाल सोलंकी, पूर्व संचालक नारायणलाल भटट, दुर्गेश सुथार, मोहनलाल परमार, बैंक के पूर्व सीईओ पीएल सोनगरा, बैंक के अधिकारीगण सहित बैंक के अंशधारक मौजूद रहे।

# पाली अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. के गौरवमयी 39 वर्ष पूर्ण



**( मरूनाद न्यूज )**

**पाली, 31 जनवरी।**

पाली अरबन को-ऑपरेटिव बैंक लि. के गौरवमयी 39 वर्ष पूर्ण होने एवं 40 वें वर्ष में प्रवेष करने पर बैंक की रानी शाखा के ग्राहकों हेतु शुक्रवार को रानी स्थित बालाजी पैलेस, केनपुरा रोड़, में एक ग्राहक सम्मेलन आयोजित कर 39वाँ स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें बैंक की ग्राहक सेवा सुधार उपसमिति के सदस्यों, प्रबंध संचालक, बैंक की रानी शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा समाजसेवियों, व्यापारियों, सम्मानित ग्राहकों इत्यादि सहित कुल 120 सदस्यों ने भाग लिया जिनेन्द्र जैन द्वारा उपस्थित ग्राहकों को बताया गया कि बैंक अपने स्थापना काल से ही लगातार लाभ में रही है। बैंक द्वारा प्रति वर्ष नियमित रूप से आमसभा आयोजित कर अंशधारियों को अपने विचार एवं सुझाव तथा मार्गदर्शन व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया गया है। बैंक की सभी शाखाएं सीबीएस प्रोग्राम के तहत संचालित एवं पूर्ण रूपेण वातानुकूलित है। सभी शाखाओं में नवीन साज सज्जा का कार्य पूर्ण हो चुका है। जैन ने बताया कि बैंक के नवीन संचालक मण्डल द्वारा अपने कार्यकाल के प्रारंभ से ही अपने ग्राहकों को नवीन आधुनिक बैंकिंग सेवाएँ प्रदा न करने के लिए कृतसंकल्प रहा। प्रबंध संचालक फतेहसिंह (आरसीएस) ने बताया कि शाखाओं में ग्राहक सम्मेलन का आयोजन कर समस्या का समाधान एवं सुझाव प्राप्त कर बैंक कार्य कर रही है। इसी संदर्भ में रानी शाखा के ग्राहकों हेतु उक्त सम्मेलन आयोजित किया गया है। फतेहसिंह ने बताया कि बैंक अपनी स्थापना से ही ऋण वसूली पर विशेष ध्यान दे रहा है जिससे इस बैंक का एनपीए आज दिनांक तक शून्य ही है जो अपने आप में एक उपलब्धि है। इस बैंक में आपका पैसा पूर्णतया सुरक्षित है। महाप्रबंधक कमलेश कुमार अरोड़ा ने बताया कि उपस्थित ग्राहकों ने सुझाव दिया कि बैंक की रानी शाखा से भी बैंक का एक संचालक होना चाहिए तथा रानी शाखा के ग्राहकों को रानी शाखा में भी लाभांश की जानकारी होनी चाहिए साथ ही बैंक की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जानकारी का व्यापक प्रचार प्रसार रानी में होना चाहिए। ग्राहक सम्मेलन में रमेश, पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका रानी एवं पृथ्वीसिंह राजपुरोहित, भरत राठौड़, वर्तमान अध्यक्ष, नगरपालिका, रानी, बैंक के उपाध्यक्ष दामोदर शर्मा, संचालक मीरा गुप्ता, रितु मेहता, तृप्ती मेहता, शाखा प्रबन्धक शैतानसिंह राव, भींवराज सांखला, प्रबन्धक (ऋण), अनिल अरोड़ा इत्यादि ने भी भाग लिया तथा अपने विचार व्यक्त किये अंत में बैंक के प्रबंध संचालक फतेहसिंह ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आशा व्यक्त की कि आगे भी यह बैंक आपके सहयोग से उत्तरोत्तर प्रगति करता रहेगा।

## उदयपुर महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक एवं ब्यावर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक हुई सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेमवर्क से बाहर

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पत्र दि 30 जनवरी, 2025 से सूचित किया गया है कि उदयपुर महिला अरबन को–ऑपरेटिव बैंक उदयपुर को 31 मार्च, 2024 की वित्तीय स्थिति पर बैंककारी विनियमन, 1949 की धारा 35 के अंतर्गत किये गये निरीक्षण के आधार पर सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेमवर्क (SAF) के प्रतिबंधित निषिद्ध और सलाहकारी कार्रवाई से बाहर किया गया है।

इसी प्रकार ब्यावर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक को भी पत्र दिनांक 30.01.2025 से सुपरवाईजरी एक्शन फ्रेमवर्क (SAF) के प्रतिबंधित निषिद्ध और सलाहकारी कार्रवाई से बाहर किया गया है।



## स्थापना दिवस/ बैंक कार्य प्रांरभ दिवस के शुभ अवसर पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

- कोटा नागरिक सहकारी बैंक लि. – 3 जनवरी, 2025 को 63वां स्थापना दिवस
- दि उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि. – 9 जनवरी, 2025 को 51वां स्थापना दिवस
- पाली अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि.– 14 जनवरी, 2025 को 39वां स्थापना दिवस
- दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि. – 11 जनवरी, 2025 को 62 वां स्थापना दिवस
- धौलपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक – 22 जनवरी, 2025 को 29वां स्थापना दिवस






## उदयपुर अरबन बैंक एवं चित्तौड़गढ़ अरबन बैंक को मिला सर्वश्रेष्ठ नागरिक सहकारी बैंक पुरस्कार

राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित मैगजीन ''बैंको'' द्वारा 27 से 29 जनवरी, 2025 तक एंबीवैली, लोनावाला, महाराष्ट्र में आयोजित ''ब्लू रिबन अवार्ड 2024'' में दी उदयपुर अरबन को–ऑपरेटिव बैंक लि. द्वारा वर्ष 2023–24 में 750 से 850 करोड़ की जमाओं वाली बैंक श्रेणी में तथा चित्तौड़गढ़ अरबन को–ऑपरेटिव बैंक को 125 से 150 करोड़ की जमाओं वाली बैंकों की श्रेणी में राष्ट्रीय स्तर पर सर्वश्रेष्ठ सहकारी बैंक का पुरस्कार प्राप्त कर राजस्थान सहकारिता का नाम अखिल भारतीय स्तर पर गौरान्वित किया है।

फैडरेशन अध्यक्ष, समस्त संचालक मंडल सदस्य एवं फैडरेशन स्टाफ की ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन।

## बारां बैंक के अध्यक्ष श्री हरगोविन्द जैन व उपाध्यक्ष श्री पीयूष विजय सम्मानित

बारा नागरिक सहकारी बैंक के अध्यक्ष हरगोविन्द जैन को जिला प्रशासन द्वारा जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में जन कल्याणकारी कार्य, समाज सेवा एवं जन जागृति हेतु उत्कृष्ट कार्य करने के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बैंक के उपाध्यक्ष पीयूष विजयवर्गीय को प्रति वर्ष रक्तदान शिविर शिविर, आंखों का कैम्प, गरीब व्यक्तियों की सेवा तथा सामाजिक कार्यों के लिये उत्कृष्ट कार्य करने के लिये प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैंक के लिये यह दोहरा प्रसन्नता का विषय है।

फैडरेशन अध्यक्ष, समस्त संचालक मंडल सदस्य एवं फैडरेशन स्टाफ की ओर से हार्दिक बधाई एवं अभिनंदन।





# The Rajasthan Urban Cooperative Banks' Federation Ltd., Jaipur

# Computer Education

**Computer** : A computer is an electronic device which can do fast and accurate Calculation and many other tasks. Computer mainly performs 3 basic functions: input (receiving data), processing (manipulating data according to instructions), and output (displaying the processed results), with different parts of the computer system dedicated to each function, including input devices like keyboards, processing units like the CPU, and output devices like monitors; essentially, a computer takes raw data as input, processes it based on given instructions, and then presents the processed information as output.

**Functions of computer:** The following functions are performed by a computer:-

- **Entering data :** Data can be entered by pressing the Keys of keyboard The data entering is called as input.
- **Processing data:** The computer acts on the basis of entered data and performs calculations for computer data. This is called processing of data. Large amount of data can be stored by a computer. The data entered into a computer brain given the instructions to save it. It is stored in its hard disc. In addition to the hard disc, floppy disc, CD ROMs, Pen Drive etc. are used to store information permanently.
- **Output:** After processing the data, the computer gives result. this is called output. The result displayed on the screen of the monitor is called the soft copy of the output and also be printed on paper using a printer. The printed paper is called the hard copy of the computer.

**Parts of a computer**: Mainly, the computer comprises of 4 parts. Key Board, Monitor, CPU and Mouse. In the Desktop, these four parts are separately connected with cables

- <u>Keyboard</u> - A keyboard is a data input device for computers where keys are arranged in the model of a typewriter. You can type text, letters, alphabet numbers, names, addresses etc. by pressing keys on the keyboard.
- <u>Monitor</u> - A computer display, monitor or screen is a external device of the computer capable of showing still or moving images. Monitor is an output device which displays the result of the task formed by the computer. You can also watch movies and films on a monitor.
- <u>CPU</u> - A Central Processing Unit refers to a part of Computer that interprets and carried out or processes instructions . It controls all the functions of a computer. Like humans the computer also has a brain where it stores the information of the entered data. This part of the computer is called memory. The information in the memory can be altered or erased. It can also be used, as and when required.
- <u>Mouse</u>- Mouse is an input device normally connected by a cable to a computer. Mouse actions are click. To click, gently press the left mouse button once and release. To double click gently press the left mouse button twice within a short travel of time and release of.

### Description of Key Board

Since the invention of the keyboard, many writing tasks have become easy to perform, like typing with alphabet keys or account keeping with number keys. Also, with the rapid and comprehensive advancements in technology, the keyboard has made its way into smart phones, making it even more accessible. Nowadays, some tasks cannot be completed without the use of the keyboard. So, to understand the keyboard in-depth to speed up your tasks in daily life, you should know the types of keys on a computer keyboard.

**How Many Types of Keys on a Computer Keyboard**

If you look at the keyboard on your Desktop or Laptop, you will see the different sets of keys with specific indicative letters on them. These keys are classified to accommodate different functions that you can use to perform specific actions after pressing them. The classification of these keyboard keys can be seen as:

- **Alphabet Keys**
- **Number Keys**
- **Punctuation Keys**
- **Special Keys**
- **Modifier Keys**
- **Function Keys**
- **Navigation Keys**
- **Toggle Keys**

These **eight types of keys on a computer keyboard** allow you to perform several actions and shortcuts to use the keyboard comprehensively. Now, let us learn what are the different types of keys in a computer keyboard in detail with the functions of every key on the computer keyboard.

**1. Alphabet Keys**

**A to Z keys** are called alphabet keys which are the most important types of keys on keyboard.

- There are **26 alphabet keys** on the keyboard. You can use these alphabet keys to **type out words to form sentences and paragraphs** for essays, documents, or articles, like the one you are reading now.
- With the use of the **Shift key**, which is a modifier key, you can also type **uppercase and lowercase letters** to maintain the grammatical and formatting rules in the writing.

**2. Number Keys**

The **number keys are situated in two locations** on the keyboard with different functions. In both locations, there are **10 keys**, ranging from **1 to 0**.

**Option I: Symbol Keys**

The number keys directly above the alphabet keys also work as **symbol keys**. These symbols can also be typed out using the **Shift key**. Below is the table representation of each key denoting the symbol it functions:

| Number Keys | Respective Symbols |
|---|---|
| 1 | ! |
| 2 | @ |
| 3 | # |
| 4 | $ |
| 5 | % |
| 6 | ^ |
| 7 | & |
| 8 | * |
| 9 | ( |
| 0 | ) |

**Option II: Numeric Keypad**

It is situated at the end of the right side of the keyboard. It resembles the **telephone number pads**. It also operated in these two different modes:

- **Num Lock On**: All the keys, from 1 to 0, produces the **respective digits**.
- **Num Lock Off**: The keys **7, 1, 9, and 3** act like **scroll keys**, and **8, 2. 4, and 6** like **navigation keys**.

| **Number Keys** | **Functions** |
|---|---|
| 7 | Home |
| 1 | End |
| 9 | Pg Up |
| 3 | Pg Dn |
| 8 | Up Arrow Key |
| 2 | Down Arrow Key |
| 4 | Left Arrow Key |
| 6 | Right Arrow Key |
| 5 | 5 |
| 0 | Insert Key |

**3. Punctuation Keys**

The punctuation keys are also one of the important types of keys on a computer keyboard.

- The punctuations like **comma (,), full stop (.), semicolon (;), colon (:), etc.** are present on every keyboard.
- These punctuation keys can be used to produce **two punctuation marks with one key** with the help of the **Shift key**.
- These keys are most important to correctly punctuate the written text to produce **grammatically correct and properly punctuated text**.

**4. Special Keys**

The special keys present on the keyboard are used to carry out special actions in the text editor. Some of the special keys and their functions are listed below:

- **Spacebar key**: To give spacing between two independent words to form a sentence.
- **Enter key**: To shift the cursor to the next line in the text editor.
- **Backspace key**: To delete the words and spacing before the cursor.
- **Windows key**: To open the Start Menu and use different shortcuts, like **Windows + I** to open the **Settings** app.
- **Escape key (Esc)**: To close a popup window or to cancel/interrupt current running programs/processes.
- **Delete key**: To delete selected images or text.

**5. Modifier Keys**

Modifier keys are used to **modify the action of another specific key** for a temporary period. Also, modifier keys have **no function on their own**. They have to be **used in combination** to perform a certain action or function.

- **Shift key**: To toggle between uppercase/lowercase letters or switch between two different punctuations with one specific key.

- **Control key (Ctrl)**: To open a new tab in the browser, create new folders, open different task windows, etc.
- **Alt (Alternate) key**: To alternate the function of the other pressed keys on the keyboard.
- **Alt Gr (Alternate Graphic) key**: To type characters like ©, ā, æ, etc., with the help of the alphabet and other modifier keys.

### 6. Function Keys

The function keys begin with the letter **F** and reside on the topmost part of the keyboard. The function keys on the keyboard start from **F1** and end at **F12**. There is also an additional function key **Fn** on the keyboard.

- **F1**: To open the help menu in Microsoft Office applications and a help window in browsers, like Microsoft Edge and Google Chrome.
- **F2**: To access file edit functions or even files in Windows Explorer, Microsoft Excel, and other several programs.
- **F3**: To search files and folders in the Windows File Explorer and other applications as well. Shift + F3 allows users to search backward.
- **F4**: Ctrl + F4 is used to close a tab in a browser window. Alt + F4 is used to close the entire browser window and shut down the Windows PC.
- **F5**: To refresh/reload a tab in a browser window and refresh the folder in File Explorer as well.
- **F6**: To highlight and select the URL in a browser window. Also, it is used to move to the next pane in PowerPoint.
- **F7**: To perform **Caret Browsing**, meaning using a web page without the help of a mouse, like highlighting the selections. In the word processors and text editors, it is used to navigate to the different sentences within the document.
- **F8**: To open macros dialog with the Alt key.
- **F9**: To refresh a document in Microsoft Word and recalculate the workbook in Excel.
- **F10**: To activate the menu bar. It also activates the context menu when used in combination with the Shift key.
- **F11**: To open the script editor and visual basic editor when used in combination with Shift and Alt keys.
- **F12**: To open Developer Tools in various browsers like Google Chrome, Microsoft Edge, Mozilla Firefox, etc.
- **Fn**: To perform toggle screen brightness, increase/decrease volume, and many other actions in combination with the F1 to F12 function keys.

### 7. Navigation Keys

Navigation keys are 4 types of keys on a computer keyboard that are essential with the following functions to utilize:

- These navigation keys are used to **navigate a webpage or a text editor window** line by line.
- As mentioned before, the **Numeric Keypad keys: 8, 4, 2, and 6** can also be used as navigation keys when the Num Lock is off.
- These keys are very useful when **playing games** or handling tasks like **video editing**.

### 8. Toggle Keys

The toggle keys **toggle the action of specific keys** for a period until the toggle key is active. There are -

- **Caps Lock**: When active, the alphabet keys type letters in uppercase, otherwise lowercase.
- **Num Lock**: As mentioned before, it is used to toggle the actions of the numerical keys on the keyboard.

# दि राजस्थान अरबन को–ऑपरेटिव बैंक्स फैडरेशन लि., जयपुर

## – माह जनवरी, 2025 में फैडरेशन स्तर पर सम्पन्न मुख्य गतिविधियां –

- 3 जनवरी– प्रति वर्ष की भांति राज्य सरकार के प्रशासनिक विभागों के वर्ष 2024–25 के प्रगति विवरण/ प्रशासनिक प्रतिवेदन में सम्मिलित करने हेत फैडरेशन की मार्च, 2024 एवं दिसम्बर, 2024 तक की वित्तीय स्थिति से संबंधित सूचना विभाग को प्रस्तुत की गई।
- 7 जनवरी– रजिस्ट्रार महोदय द्वारा अरबन बैंकों के कर्मचारियो के सेवा नियमों में संशोधन बाबत गठित कमेटी की रजिस्ट्रार कार्यालय में आयोजित बैठक में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा द्वारा भाग लिया गया।
- 8 जनवरी – भारतीय रिजर्व बैंक ने प्रेस रिलीज द्वारा सहकारी बैंकों के अंतिम खातों के फार्मेट में परिवर्तन करके संशोधित ड्राफ्ट फार्मेट संबंधी मार्गनिर्देशिका भिजवाते हुए 21 फरवरी, 2025 तक बैंकों से सुझाव चाहे हैं। इस संबंध में बैंकों को सुझाव दिया गया है कि इनका गहनता से अध्ययन करें एवं यदि सुझाव हों तो भारतीय रिजर्व बैंक को निश्चित समयावधि के भीतर प्रेषित करते हुए फैडरेशन को भी सूचित करावें। फैडरेशन स्तर पर सुझाव तैयार किये जा रहे है।
- 9 जनवरी– रजिस्ट्रार महोदय द्वारा अरबन बैंकों के कर्मचारियो के सेवा नियमों में संशोधन बाबत गठित कमेटी की रजिस्ट्रार कार्यालय में आयोजित बैठक में फैडरेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री एम. एल. शर्मा द्वारा भाग लिया गया।
- 15 जनवरी – अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों के कर्मचारियों के सेवा नियमों में संशोधन हेतु रजिस्ट्रार कार्यालय स्तर पर गठित कमेटी में फैडरेशन की ओर से श्री एम. एल. शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा भाग लिया गया।
- 16 जनवरी– वित्तीय वर्ष 2025–26 के राज्य के बजट को अंतिम रूप दिये जाने से पूर्व माननीय मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में दिनांक 20 जनवरी, 2025 को व्यापार कर सलाहकार, उद्योग एवं बैंकिंग क्षेत्र के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा हेतु फैडरेशन के अध्यक्ष महोदय को आमंत्रित किया गय जिसके क्रम में अरबन को–ऑपरेटिव बैकों से संबंधित विषय पत्र क्र. 259 दिनांक 16.01.2025 से प्रस्तुत किया गया।
- 23 जनवरी – संयुक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग) को रूपये 500 करोड़ से अधिक व्यवसाय वाले बैंकों में 'ए' ग्रेड के अधिकारी का पद सृजित करने हेतु एवं बैंकों द्वारा नवीन शाखा खोले जाने पर न्यूनतम 5 कर्मचारियों की स्टाफ स्ट्रेन्थ स्वीकृति संबंधी पत्र विचारार्थ प्रस्तुत किया।
- 23 जनवरी – मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा नव पदस्थापित अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) श्री संदीप खण्डेलवाल से सम्पर्क कर बधाई दी एवं राजस्थान राज्य के अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की वित्तीय स्थिति एवं विभाग स्तर पर लम्बित विभिन्न विषयों पर चर्चा की।
- 24 जनवरी – भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपेक्स बैंक, जयपुर के कान्फ्रेंस हाल में केन्द्रीय सहकारी बैंकों के साथ–साथ अरबन को–आप. बैंकों के अधिकारियों हेतु ''नोटों को पहचानने'' विषय पर कार्यशाला आयोजित हुई थी जिसमें 22 बैंकों के 28 प्रतिनिधियों ने भाग लिया था।

- 24 जनवरी– अरबन बैंकों की फण्ड्स की आवश्यकता की पूर्ति के लिये दि राजस्थान स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक के महाप्रबंधक से वार्ता उपरांत प्रबंध निदेशक को पत्र भेज कर पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया।
- 25 जनवरी– नेशनल फैडरेशन के संचालक मंडल की बैठक जो वर्चुअली सम्पन्न हुई, में श्री मोहन पाराशर, अध्यक्ष फैडरेशन द्वारा भाग लिया गया।
- 25 जनवरी– नेशनल अरबन को–ऑपरेटिव फाईनेंस एण्ड डवलपमेंट कोरपोरेशन (अम्ब्रेला आर्गेनाईजेशन) द्वारा "सहकार कम्पलायंस मोनिटरिंग सर्विस" जो भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा चाही जा रही विभिन्न प्रकार की अनुपालनाओं एवं साईबर सिक्यूरिटी से संबंधित है, बाबत सेवाएं प्रदान करना प्रारंभ कर दिया है। उनसे इमेल द्वारा प्राप्त सूचना अनुसार रूपये 30000/– टैक्स अतिरिक्त, प्रति माह/प्रति बैंक दर निर्धारित की गई है। एक स्थान पर दिसम्बर, 2025 तक फ्री सर्विसेज दिये जाने की बात भी कही गई है। इस बाबत फैडरेशन द्वारा उन्हें विस्तृत नियम एवं शर्तें भेजने का पत्र दिनांक 25.01.2025 द्वारा निवेदन किया गया है एवं श्री प्रभात चतुर्वेदी मुख्य कार्यकारी अधिकारी से वार्ता भी की गई है।
- 27 जनवरी – श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ द्वारा अतिरिक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग) के पद पर ज्वाईनिंग उपरांत व्यक्तिशः मिल कर बधाई दी गई। श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ को फैडरेशन की वार्षिक प्रतिवेदन एवं मासिक पत्रिका सृजन की प्रतियां भेंट की।
- 27 जनवरी– अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों की फण्ड्स की आवश्यकता पूर्ति के लिये ऋण उपलब्ध कराने के लिये दि राजस्थान स्टेट को–ऑपरेटिव बैंक के प्रबंध निदेशक श्री संजय पाठक से सम्पर्क किया। उन्होंने बैंकों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर पुनर्वित्त सुविधा उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।
- 28 जनवरी – संचालक मंडल की बैठक दिनांक 6.2.2025 का विवरण, मय विचारणीय विषयों के तैयार करके, संचालक मंडल के सदस्यों को भिजवाया।
- 29 जनवरी– फैडरेशन द्वारा राज्य के समस्त अरबन को–ऑपरेटिव बैंकों को वर्ष 2024–25 की वार्षिक खाताबंदी से संबंधित अद्यतन मार्गनिर्देश प्रेषित करते हुए इसकी पृष्ठांकन प्रति समस्त माननीय अध्यक्षों को भी प्रस्तुत की गई।
- 29 जनवरी– मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा राईसेम के निदेशक श्री रणजीत सिंह चूड़ावत को नव पद स्थापना एवं पदोन्नति पर व्यक्तिशः भेंट कर बधाई दी। भेंट के दौरान अंतरराष्ट्रीय सहकारी वर्ष में अरबन बैंकों के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिये प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु निवेदन किया।
- 29 जनवरी– श्री इन्द्र राज मीना द्वारा राज्य सहकारी चुनाव प्राधिकारी के पद पर पदोन्नति एवं नव–नियोजन पर श्री एम.एल.शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा व्यक्तिशः भेंट कर बधाई देते हुए सीकर अरबन बैंक एवं स्टर्लिंग अरबन बैंक के चुनाव कराने हेतु निवेदन किया।

–0–0–0–0–